प्रेषक,

निदेशक (उ0शि0)
उच्च शिक्षा निदेशालय,
प्रयागराज।

सेवा में,

1 कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2 प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता
प्राप्त महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक सा0नि0/ 82 /2022–23 दिनांक 05/09/2022

विषय.–शासकीय/ अशासकीय विश्वविद्यालय/ महाविद्यालयों के समस्त अध्यापकगण को नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन हेतु प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम में नमोनीत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से प्राप्त पत्र सं0–इग्नू/क्षे0के0/न0शि0नीति 2020/2022/22/277 दिनांक 02 सितम्बर 2022 इस आशय से संलग्न कर प्रेषित है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कियान्वयन हेतु प्रदेश के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम में ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु नमोनीत किया जाना है।

इस प्रशिक्षण कार्यकम की निम्न विशेषताएं हैं:–

1. यह प्रशिक्षण कार्यकम सभी अध्यापकगण के लिए निःशुल्क है।
2. इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम हेतु अभ्यर्थी को 36 घंटे देने होंगे एवं इसे अधिकतम 9 दिवसों में पूर्ण किया जा सकता है। प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छुट्टी के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
3. सभी अध्यापकगण, अतिथिविद्वान एवं गेस्ट फैकलिटी को इस प्रशिक्षण के लिए मनोनीत किया जा सकता है।
4. यह पाठ्यकम "SWAYAM" प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण को करने में किसी भी प्रकार की अवकाश की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि समस्त प्रशिक्षण ऑनलाइन है। प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी संलग्न है।
5. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु संस्था के प्राचार्य का संस्तुति पत्र अथवा संस्था का आई कार्ड को अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. प्रवेश इग्नू द्वारा विकसित एक विशेष पोर्टल से ऑनलाइन किया जा सकता है। इस प्रवेश पोर्टल का लिंक है: https://ignou-pdp.samarth.ac.in/
7. इस प्रशिक्षण को पूर्ण करने के उपरान्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा जो कि शिक्षकों के API स्कोर को बढ़ाएगा तथा कैरियर एडवांसमेंट में सहायक होगा।

कृपया अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के प्राध्यापकों को उक्त से अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त्।

भवदीय,

डॉ0(अमित भारद्वाज)
शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उ0प्र0, प्रयागराज।

पृ0सं0– सं0नि0/ 82-83 /2022–23 उसी तिथि को।

प्रतिलिपि–डॉ0 उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी, क्षेत्रीय निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, गाँधी भवन, का0हि0वि0वि0 परिसर, वाराणसी को सूचनार्थ प्रेषित।

डॉ0(अमित भारद्वाज)
शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उ0प्र0, प्रयागराज।

कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी ।

पृ0सं0 : क्षे0का0वा0/ 1941-47 /2022–23 दिनांक 01.11.2022

प्रतिलिपि :– 1. समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी को इस आशय के साथ कि अपने स्तर से उपरोक्त पत्र में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक निर्देश निर्गत करना सुनिश्चित करें ।

2. समस्त प्राचार्य राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त पत्र में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें ।

भवदीय,
01/11/22
डॉ0(ज्ञान प्रकाश वर्मा)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Tel. No.: (05452) 252244
Email:connectpuregistrar@gmail.com
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 1482/पू.वि.वि./शैक्षणिक/2022 दिनांक : 18.11.2022

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी/परीक्षा नियन्त्रक।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/शिक्षकगण विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0 को इस आशय से कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
4. समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. समस्त सहायक कुलसचिव।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव